देवउठनी एकादशी पर पुष्कर सरोवर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

एकादशी से पूर्णिमा तक चलेगा पांच दिवसीय तीर्थ स्नान, दान पुण्य भी किया

पुष्कर। तीर्थराज पुष्कर में देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने ब्रह्म सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। एकादशी के साथ ही पुष्कर सरोवर में पांच दिवसीय तीर्थ स्नान का शुभारंभ हो गया, जो कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा।

इस अवसर पर पुष्कर सरोवर के 52 घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड पडी। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद पूजा-अर्चना और दान-पुण्य कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। देवउठनी एकादशी और भीष्म पंचक योग के संयोग के चलते इस बार स्नान का विशेष धार्मिक महत्व रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार एकादशी से पूर्णिमा तक ब्रह्म सरोवर में पांच दिवसीय स्नान करने से भगवान लक्ष्मीनारायण प्रसन्न होते हैं और श्रद्धालुओं को अक्षय गुणा धार्मिक फल की प्राप्ति होती है। इसी मान्यता के चलते देश के विभिन्न क्षेत्रों से बडी संख्या में श्रद्धालु पुष्कर पहुंचे पुष्कर के प्रसिद्ध पंडित कैलाश नाथ दाधीच ने बताया कि देवउठनी एकादशी का पर्व शुक्रवार से प्रारंभ हुआ। शनिवार को सूर्योदय की उदया तिथि के अनुसार दोपहर तक एकादशी स्नान और पूजा का योग रहेगा। शुक्रवार सुबह सवा सात बजे बाद एकादशी स्नान का योग शुरू होने के साथ ही बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान कर पूजा-अर्चना और दान-पुण्य किया। उन्होंने बताया कि इस बार एकादशी पर भीष्म पंचक का भी विशेष योग बना है। भीष्म पंचक के दौरान तीर्थ पुष्कर सरोवर में स्नान, पूजा-अर्चना और दान-पुण्य करने का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इसी कारण श्रद्धालुओं में स्नान को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।



पुष्कर सरोवर के 52 घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड़ पड़ी।

- हजारों श्रद्धालुओं ने किया महास्नान, परिवार की खुशहाली की कामना की

भीलवाड़ा: जिला परिषद के 45 वार्डों के परिणाम घोषित, कांग्रेस का वर्चस्व

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा जिले में आयोजित पंचायत आम चुनाव-2026 के वार्डवार मतगणना परिणाम जारी कर दिए गए हैं। कुल 45 वार्डों में हुए इस चुनाव में मुख्य मुकाबला इंडियन नेशनल काँग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच देखने को मिला। काँठोस ने कई वार्डों में बडी जीत दर्ज की, जबकि भाजपा प्रत्याशियों ने भी कई सीटों पर कडा मुकाबला प्रस्तुत किया।

- चुनाव परिणामों में सबसे बडी जीत वार्ड संख्या 17 से सामने आई, जहाँ कांग्रेस प्रत्याशी सांवर लाल जाट ने भाजपा प्रत्याशी नेमी चंद जोशी को 4,110 मतों के भारी अंतर से हराया।
- वार्ड 1 से काँठोस की पूजा गुर्जर ने भाजपा की नोसी बाई को 258 मतों से, वार्ड 2 से कांठोस की कैलाश देवी तिवारी ने भाजपा की रेखादेवी को 1,693 मतों से, और वार्ड 3 से काँठोस की गीता देवी ने भाजपा की सीता देवी को 1,015 मतों से हराया।

चुनाव परिणामों में सबसे बडी जीत वार्ड संख्या 17 से सामने आई, जहाँ काँग्रेस प्रत्याशी सांवर लाल जाट ने भाजपा प्रत्याशी नेमी चंद जोशी को 4,110 मतों के भारी अंतर से हराया। इसी प्रकार वार्ड संख्या 30 में भी कांग्रेस के कमल सिंह ने 15,180 मत प्राप्त कर भाजपा के अमर सिंह राजपूत को 3,989 मतों से पराजित किया। दूसरी ओर, वार्ड संख्या 29 में मुकाबला बेहद कडा रहा, जहाँ कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता देवी कौशिक ने मात्र 11 मतों के अंतर से भाजपा की सरोज देवी को हराकर अपनी जीत दर्ज कराई। सभी 45 वार्डों के विस्तृत परिणामों में विजयी और निकटतम प्रतिद्वंदियों का विवरण इस प्रकार रहा: वार्ड 1 से काँग्रेस की पूजा गुर्जर ने भाजपा की नोसी बाई को 258 मतों से, वार्ड 2 से कांग्रेस की कैलाश देवी तिवारी ने भाजपा की रेखादेवी को 1,693 मतों से, और वार्ड 3 से काँग्रेस की गीता देवी ने भाजपा की सीता देवी को 1,015 मतों से हराया। वार्ड 4 में भाजपा के सुखालाल ने कांग्रेस के प्रेमचन्द कुमावत को 545 मतों से मात दी, वहीं वार्ड 5 में भाजपा की किस्मत कंवर नें कांग्रेस की पुष्पा देवी गुर्जर को 1,686 मतों से और वार्ड 6 में भाजपा की कंकू नै कांग्रेस की पारसी देवी को 1,717 मतों से पराजित किया। वार्ड 7 में काँग्रेस की कंकु देवी 1,125 मतों से, वार्ड 8 में काँग्रेस की राम कन्या गाडरी 1,239 मतों से, वार्ड 9 में काँग्रेस के राज मल शर्मा 373 मतों से विजयी रहे।

अवैध स्मैक बरामदगी के आरोपी को 4 साल की सजा

जोधपुर, 20 नवंबर (कासं) । एनडीपीएस न्यायालय जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मुजफ्फर चौधरी ने 11 साल पुराने अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामदगी के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी अजीत उर्फ पपु विश्नोई पुत्र मानाराम निवासी खेडी सालवा, हाल मदेरणा कॉलोनी, जोधपुर को 4 वर्ष का कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि नही भरने पर 3 माह का अतिरिक्त रूप से कठोर कारावास भुगतने का दण्डादेश पारित किया। राजस्थान सरकार की ओर से पैरवी के लिए नियुक्त विशिष्ट लोक अभियोजक मनोहर लाल पालीवाल न्यायालय एनडीपीएस मामलात जोधपुर ने बताया कि 20 अगस्त 2015 पुलिसथाना नागोरी गेट के तत्कालीन थानाधिकारी मदन बेनिवाल मय जाब्ता गस्त करते हुए फुलेराव पार्क के पास पहुंचे तो पार्क के पास खड़ा एक व्यक्ति पुलिस गाड़ी को देखकर भागने का प्रयास किया तब थाना अधिकारी में ने उसे रुकने का कहा । लेकिन वह दौडने लगा । तब पुलिस जाता द्वारा दौडक़र रोका और वापस गाड़ी के पास लेकर आए । जिससे थाना अधिकारी द्वारा नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अजीत उर्फ पप्पू बिश्नोई पुत्र मानाराम निवासी खेडी सालवा हाल मदेरणा कॉलोनी, जोधपुर होना बताया। इसके भगाने का कारण पूछा तो कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया । जिसके पेंट की की तलाशी ली तो जेब में एक प्लास्टिक की पारदर्शी थैली मिली जिसमें काले रंग की छोटी-छोटी थैलियां की पुडिय़ां नजर थी। जिनके बारे में अजीत उर्फ पप्पू को पूछा तो उसने नाग की पुडिय़ां होना बताया तथा थाना अधिकारी में जाब्ता द्वारा खोलकर देखा। वह पाउंडरनुमा स्मेक पाई गईं।जोकि बीस ग्राम थी। आरोपी को गिरफ्तार किया। अनुसंधान के बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया मनोहर लाल पालीवाल विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर ने दौराने बहस न्यायालय से वर्तमान में अवैध मादक पदार्थों के मामलों में उतरोतर वृद्धि होने, अवैध मादक पदार्थों के अपराध गंभीर किस्म की प्रकृति के अपराध होने और उसका समाज में प्रतिकूल प्रभाव पडने की वजह से आरोपी को कठोर से कठोरतम सजा देने की मांग की।

पंचायत चुनाव में जनता ने कांग्रेस को समर्थन दिया

अजमेर । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं सह-प्रभारी जिला भीलवाड़ा कैलाश झालीवाल ने पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता ने भाजपा सरकार को स्पष्ट संदेश दिया है। सत्ता के अहंकार और खोखले दावों से सरकारें नहीं चलतीं, बल्कि जनता की समस्याओं का समाधान करना जरूरी है।झालीवाल ने कहा कि सीकर जिले में शहरी विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा की पत्नी शांति देवी और उनके दोनों बेटों की चुनाव में हार भाजपा सरकार के लिए गंभीर राजनीतिक संदेश है। भाजपा के कई अन्य प्रमुख नेताओं के परिवारों को भी हार का सामना करना पड़ा है।

पठान खान पर जैसलमेर से सेना की गोपनीय सूचनाएं भेजने का आरोप

जैसलमेर। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जैसलमेर जिले में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार पठान खान को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की जांच में कई अहम तथ्य सामने आए हैं। राजस्थान इंटेलिजेंस के अनुसार पठान खान वर्ष 2013 में पाकिस्तान गया था। वहां उसकी मुलाकात पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारियों से हुई। आरोप है कि धन का लालच देकर उसे पाकिस्तान में जासूसी का प्रशिक्षण दिया गया था । राजस्थान इंटेलिजेंस के अधिकारियों के अनुसार पठान खान जैसलमेर के मोहनगढ़ क्षेत्र के जीरो आरडी का निवासी है। वह पाकिस्तान से लौटने के बाद भी पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के संपर्क में रहा। आरोप है कि वह जैसलमेर की अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़ी संवेदनशील एवं गोपनीय जानकारियां सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स तक पहुंचाता था। जांच में यह भी सामने आया कि पठान खान ने पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों को जासूसी गतिविधियों के लिए भारतीय सिम कार्ड उपलब्ध करवाए थे। इसके बदले उसे विभिन्न माध्यमों से धनराशि दिए जाने की बात भी सामने आई है।

- 2013 में पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के संपर्क में आया, आईएसआई के लिए लंबे समय से कर रहा था जासूसा
- जैसलमेर अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटा सामरिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील जिला है। यहां सेना की आवाजाही के साथ समय-समय पर सैन्य अभ्यास भी होते रहते हैं।

जैसलमेर अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटा सामरिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील जिला है। यहां सेना की आवाजाही के साथ समय-समय पर सैन्य अभ्यास भी होते रहते हैं। इसी क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी के दौरान पठान खान की गतिविधियां सुरक्षा एजेंसियों के संदेह में आईं। इसके बाद उससे विभिन्न केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त पूछताछ केंद्र जयपुर में पूछताछ की। राजस्थान इंटेलिजेंस ने 1 मई 2025 को पठान खान को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम, 1923 के तहत मामला दर्ज किया। मामले में जांच के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया गया कि उसने पाकिस्तान को कितनी संवेदनशील सूचनाएं उपलब्ध करवाईं और इस गतिविधि में अन्य कोई व्यक्ति भी शामिल था या नहीं। सीमावर्ती जैसलमेर में इस प्रकरण ने एक बार फिर राष्ट्रीय सुरक्षा और सामरिक सूचनाओं की गोपनीयता को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता का महत्व उजागर किया है।

फिटनेस मॉर्निंग में दिया फिट रहने का संदेश

भीलवाड़ा। जीतो भीलवाडा चैप्टर के मार्गदर्शन में जीतो भीलवाडा लेडिज विंग द्वारा जीतो स्पॉर्ट्स के तहत गुरूवार को होटल जय विलास में फिटनेस मॉर्निंग- जुम्बा, एथलेटिक्स एवं योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रामाणिक जुम्बा प्रशिक्षक आकांक्षा नामा ने अपनी टीम के साथ वार्म अप ओर कार्डियों जैसे एथलेटिक अभ्यासों के साथ उर्जा से भरपुर जुम्बा, स्ट्रेचिंग एवं फेशियल योग का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित व्यायाम करने से शरीर का स्टेमिना तथा सहनशक्ति बढ़ती है। इससे शरीर में लचीलापन आने के साथ मुद्रा (पॉश्चर) सुधरती है। इन क्रियाओं का नियमित अभ्यास करने से हृदय स्वस्थ रहने के साथ तन एवं मन में संतुलन बना रहता है जो शरीर के फिट रहने का मूल आधार है। नामा ने कहा कि यहां जो भी क्रियाएं सीखी है उसे निरन्तर फॉलो करते रहना है ताकि हम हमेशा फिट बने रह सके। फिटनेस मॉर्निंग में उत्साह के माहौल में आपसी मेलजोल बढ़ाने के लिए कई तरह के गेम्स भी खिलाए गए जिनका सदस्यों ने भरपुर आनंद लिया ।

गांव की सरकार के नतीजों ने भाजपा को दिया बड़ा झटका

जोधपुर । पंचायती राज चुनाव 2026 के परिणामों ने जोधपुर जिले की राजनीति में नए सियासी समीकरण खड़े कर दिए हैं। गांव की सरकार के चुनाव में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस का प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी पर भारी पडता नजर आया।

बालेसर, शेरगढ, लूणी, ओसियां और भोपालगढ सहित ठाामीण क्षेत्रों में पंचायत समितियों के परिणामों ने भाजपा के कई दिग्गज नेताओं और विधायकों की राजनीतिक प्रतिष्ठा को सवालों के घेरे में खडा कर दिया है। इन चुनावों को केवल पंचायत समितियों और जिला परिषद सदस्यों के चुनाव के रूप में नहीं देखा जा रहा था, बल्कि इसे ठाामीण क्षेत्रों में विधायकों के जनाधार और उनके राजनीतिक प्रभाव की परीक्षा के रूप में भी देखा जा रहा था। खास तौर पर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं लूणी विधायक जोगाराम पटेल, ओसियां विधायक भैराराम सियोल, बिलाडा विधायक अर्जुनलाल गर्ग और शेरगढ विधायक बाबूसिंह राठौड के क्षेत्रों में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से पार्टी के भीतर राजनीतिक मंथन शुरू हो गया है । पंचायत समितियों के चुनाव परिणामों में कांठोस को अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में बहुमत मिलने से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

चुनाव परिणामों ने यह संकेत दिया है कि ग्रामीण मतदाताओं के बीच कांठोस अपनी राजनीतिक पकड मजबूत करने में कामयाब रही है। वहीं भाजपा के लिए यह परिणाम आत्ममंथन का विषय बन गए हैं। विशेष रूप से प्रदेश सरकार में मंत्री और सत्ताधारी दल के विधायकों के प्रभाव वाले क्षेत्रों में भाजपा का कमजोर प्रदर्शन कई सवाल खडे कर रहा है। अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि आखिर सरकार और संगठन की ओर से किए जा रहे प्रयासों के बावजूद ठाामीण मतदाताओं ने भाजपा से दूरी क्यों बनाई? लूणी विधानसभा क्षेत्र में कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल के लिए चुनाव परिणाम राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। इसी तरह ओसियां में विधायक भैराराम सियोल के प्रभाव वाले क्षेत्रों में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिलना पार्टी के लिए चिंता का विषय है। शेरगढ में विधायक बाबूसिंह राठौड के क्षेत्र में भी भाजपा को चुनावी झटका लगा है। बिलाडा क्षेत्र में भी परिणामों ने भाजपा की रणनीति पर सवाल खडे किए हैं। इन नतीजों के बाद भाजपा के सामने सबसे बडी चुनौती ग्रामीण क्षेत्रों में खोए हुए जनाधार को वापस हासिल करने की होगी। वहीं कांग्रेस इन परिणामों को अपनी राजनीतिक मजबूती और ठाामीण मतदाताओं के बीच बढते विश्वास के रूप में देख रही है। जोधपुर जिले के चुनाव परिणामों में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) भी तीसरे राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरती दिखाई दी है।

- भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से पार्टी के भीतर राजनीतिक मंथन शुरू हो गया है

स्पेशल लोक अदालत आज

भीलवाडा। जिले में चेक अनादरण (एनआई एक्ट की धारा-138) से जुड़े लंबित मामलों के आपसी राजीनामे से त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार आयोजित होने वाली इस लोक अदालत के लिए भीलवाडा न्यायाक्षेत्र में 12 बैंचों का गठन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्य ने बताया कि लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन ने जिले के सभी न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। गठित 12 बैंचों में सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी, अपर जिला न्यायाधीश स्तर के अधिकारी और अनुभवी अधिवक्ता सदस्य पक्षकारों के बीच समझाइश कर प्रकरणों का निस्तारण करेंगे। सचिव आर्य ने बताया कि लोक अदालत में एनआई एक्ट धारा-138 के प्रकरणों के साथ-साथ एसबीआई और यूनियन बैंक के लंबित व प्री-लिटिगेशन मामले भी रखे जाएंगे। इस दौरान बैंकों की ओर से वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) ऑफर और ब्याज राशि में विशेष राहत प्रदान की जाएगी।

अजमेर जिला परिषद में भाजपा का कमल खिला, 19 सीटों के साथ बहुमत

अजमेर। पंचायती राज चुनाव 2026 के तहत अजमेर जिला परिषद के सभी 33 वार्डों के परिणाम घोषित हो गए हैं। भाजपा ने 19 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया, जबकि कांग्रेस को 12 और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को 2 सीटें मिलीं।

- चुनाव में सबसे बड़ा उलटफेर दो बार जिला प्रमुख रह चुकीं पूर्व विधायक सुशील कंवर पलाड़ा की हार रहा

चुनाव में सबसे बड़ा उलटफेर दो बार जिला प्रमुख रह चुकीं पूर्व विधायक सुशील कंवर पलाडा की हार रही। वार्ड संख्या 2 में उन्हें कांग्रेस की लक्ष्मी कंवर ने पराजित किया। उनकी हार के बाद जिला प्रमुख पद की दावेदारी को लेकर भाजपा में नए राजनीतिक समीकरण बनने लगे हैं।जिला प्रमुख पद के लिए वार्ड 13 से विजयी सुनीता लांबा और वार्ड 26 से जीतीं पूजा भंसाली के नाम चर्चा में हैं।

वार्ड 28 में भाजपा के संतोष गुर्जर और कांठोस के ओमप्रकाश गुर्जर को बराबर मत मिले। इसके बाद पर्ची से हुए निर्णय में भाजपा के संतोष गुर्जर विजयी घोषित किए गए। वहीं वार्ड 3 में कांठोस की गद्दू देवी ने महज 16 मतों से जीत हासिल की। पूर्व विधायक महेंद्र गुर्जर की पत्नी कमलेश गुर्जर ने वार्ड 7 से जीत दर्ज की। कांठोस नेता वाजिद खान चीता की पत्नी रजिया भी चुनाव जीतने में सफल रहीं।

अजमेर जिले की पंचायत समितियों के सभी 180 निर्वाचन क्षेत्रों के परिणाम भी घोषित हो गए हैं। सावर की 15 सीटों में कांठोस ने 13 सीटें जीतीं। पीसांगन की 17 सीटों में कांठोस को 12 और भाजपा को 5 सीटें मिलीं। अजमेर ग्रामीण में कांठोस ने 11 और भाजपा ने 8 सीटें हासिल की, जबकि भिनाय में कांग्रेस को 10 और भाजपा को 9 सीटें मिलीं।

बडल्या पंचायत समिति में भाजपा ने 17 में से 14 सीटें जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। सरवाड में भाजपा को 9 और कांग्रेस को 6 सीटें मिलीं। श्रीनगर में भाजपा ने 10, कांग्रेस ने 8 और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने एक सीट जीती। केकडी में भाजपा को 8 और कांठोस को 7 सीटें मिलीं।

अरांई में भाजपा और कांग्रेस दोनों को 6-6 सीटें मिलीं, जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने 5 सीटें जीतकर निर्णायक स्थिति हासिल की। किशनगढ (सिलोरा) में भाजपा को 13, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को 8 और कांठोस को 6 सीटें मिलीं।

जिला परिषद में बहुमत मिलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में आतिशबाजी कर जश्न मनाया। अब 25 नवंबर को जिला प्रमुख और 27 नवंबर को पंचायत समितियों के प्रधान पद के चुनाव होंगे। अरांई और सिलोरा में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।

हाथी पर सवार हो तोरण मारने पहुंचे मेवाड़ धणी श्री गढ़बोर चारभुजानाथ

भीलवाड़ा। धर्मनगरी भीलवाडा की धरा शुक्रवार को अलौकिक भक्ति और अपार श्रद्धा की साक्षी बनी। मौका था ऐतिहासिक 16,108 श्री तुलसी-शालिठााम विवाह महामहोत्सव का, जिसमें स्वयं राजाधिराज मेवाड धणी श्री गढबोर चारभुजानाथ भव्य बारात लेकर भीलवाडा पहुंचे।

शुक्रवार सुबह आजाद नगर स्थित एमपीएस स्कूल से दिव्य बारात शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। बारात की अगुवाई हाथी पर विराजित मेवाड धणी श्री गढबोर चारभुजानाथ कर रहे थे। उनके पीछे भीलवाडा के बडा मंदिर, दूधाधारी मंदिर, संजय कॉलोनी, मांडल, सांगानेर, दांथल, बिलिया तथा श्री सांवरिया सेठ मंदिर (नौगांवा) से पधारे भगवान चारभुजानाथ के बेवाण वाहनों पर सुसज्जित थे। जय कन्हैयालाल की और जय चारभुजानाथ की के जयकारों, बैंड-बाजे की मधुर धुनों और हाथी-घोडों के लवाजमे के बीच हजारों श्रद्धालु नाचते-गाते चल रहे थे। मार्ग में कुंभा सर्किल व पन्नाधाय सर्किल पर शहरवासियों ने बारातियों और देव-विठाहों पर जमकर पुष्प वर्षा की।जब बारात विवाह स्थल मेडिसिटी ठाांडड पहुंची, तो आयोजकों व श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद मेवाड धणी श्री गढबोर चारभुजानाथ ने हाथी पर विराजमान होकर तोरण मारने की रस्म निभाई। इस दिव्य क्षण की झलक पाने के लिए मैदान में श्रद्धा का सैलाब उमड पडा। तोरण रस्म के पश्चात श्री तुलसी-शालिठााम विवाह महोत्सव सेवा समिति, श्री वल्लभ संकीर्तन सेवा संघ, आयोजन के सूत्रधार गौवत्स विष्णुश्री कृष्णतनय महाराज, मुख्य आचार्य योगेंद्र शर्मा और समिति अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी ने बारात की अगवानी की।

मुख्य पांडाल में सबसे आगे श्री गढबोर चारभुजानाथ तथा उनके पीछे भीलवाडा के बडे चारभुजानाथ की विवाह वेदी सजाई गई थी। इसके अलावा विशाल पांडाल में सैकडों वेदियां बनाई गईं, जहां प्रति वेदी चार-चार जोडे यजमान के रूप में बैठे। मुख्य आचार्य योगेंद्र शर्मा के आचार्यत्व में सैकड़ों विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पाणिग्रहण संस्कार की रस्में संपन्न कराईं।

इस अलौकिक आयोजन के साक्षी बनने कई गणमान्य नागरिक भी पहुंचे। मंच पर मौजूद भीलवाड़ा सांसद दामोदर अठावाल, विधायक अशोक कोठारी, पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, महापौर जसवंत कंवर एवं उप महापौर राधेश्याम सोमाणी का आयोजक गौवत्स विष्णुश्री कृष्णतनय महाराज ने स्वागत किया। विवाह की रस्में संपन्न होने के बाद शाम को भावुक माहौल में बारात विदाई की रस्म अदा की गई।



भीलवाड़ा में तुलसी-शालिग्राम विवाह महामहोत्सव का भव्य आयोजन किया।

- मुख्य आचार्य योगेंद्र शर्मा के आचार्यत्व में सैकड़ों विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पाणिठाहण संस्कार की रस्में संपन्न कराईं।

नागौर में पंचायत चुनाव के नतीजों में आरएलपी का दबदबा

नागौर। राजस्थान के पंचायती राज चुनाव 2026 के परिणामों ने नागौर जिले की राजनीति में नई तस्वीर सामने आई है। पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव के सामने आए नतीजों में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी आरएलपी ने कई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए जिला परिषद में पूर्ण बहुमत हासिल किया है। वहीं कांठोस ने डेगाना सहित कुछ क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि भाजपा को भी विभिन्न पंचायत समितियों में सीटें मिली हैं। नागौर जिला परिषद के सभी 37 वार्डों के परिणाम घोषित हुए हैं। इनमें आरएलपी ने 19 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत का आंकडा छू लिया है। कांठोस को 11 और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 7 सीटों पर संतोष करना पडा। जिला परिषद में बहुमत के लिए 19 सीटों की आवश्यकता थी, जिसे आरएलपी ने हासिल कर लिया।

पंचायत समिति के आए परिणामों में पांचौडी क्षेत्र में ने सभी 11 सीटों पर जीत दर्ज कर अपना खाता पूरी तरह अपने नाम किया। यहां कांठोस एक भी सीट नहीं जीत सकी, जबकि भाजपा के 4 प्रत्याशियों ने जीत हासिल की । खींवसर पंचायत समिति की 17 सीटों में से आरएलपी ने 11 सीटें जीतकर अपना दबदबा कायम किया। कांग्रेस के 5 और भाजपा के एक प्रत्याशी को जीत मिली।

- आरएलपी ने जिला परिषद में 19 सीटें जीतकर बनाया बहुमत
- पांचौडी में क्लीन स्वीप, खींवसर में 11 सीटों पर कब्जा, डेगाना में कांठोस सबसे आगे, जिला परिषद में कांग्रेस को 11 और भाजपा को मिलीं 7 सीटें

डेगाना पंचायत समिति में कांठोस ने सबसे अधिक 12 सीटों पर जीत दर्ज की। यहां भाजपा को 5, आरएलपी को 4 और निर्दलीय प्रत्याशियों को 2 सीटों पर सफलता मिली वहीं मेड़ता रोड-गोटन क्षेत्र में आरएलपी के 8 प्रत्याशी विजयी रहे। भाजपा ने 6, कांठोस ने 2 और एक निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। नागौर पंचायत समिति के सामने आए परिणामों में कांठोस ने 6 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि आरएलपी को 5 और भाजपा को 2 सीटें मिलीं। इसके अलावा 2 निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जीत हासिल की। जिला परिषद के सभी 37 वार्डों के परिणामों में को 19, कांठोस को 11 और भाजपा को 7 सीटें मिली हैं। इस तरह ने जिला परिषद में स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। अब जिला परिषद की आगामी राजनीतिक गतिविधियों और गठन को लेकर सभी की नजरें टिकी रहेंगी। नागौर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जिले में मतगणना की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाई जा रही है। मतगणना के दौरान कुछ तकनीकी समस्याएं सामने आई थीं, जिन्हें तकनीकी टीम ने तत्काल दुरुस्त कर दिया। उन्होंने बताया कि मतगणना प्रक्रिया सुचारू रूप से हुई है। तथा परिणामों की घोषणा नियमानुसार की गई पंचायत चुनाव के इन परिणामों से नागौर जिले की स्थानीय राजनीति में दलों की स्थिति की नई तस्वीर सामने आई है। विशेष रूप से जिला परिषद में आरएलपी का बहुमत और पांचौडी व खींवसर में मिली जीत चुनाव के प्रमुख परिणामों में शामिल रही।